ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ,
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560 003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD, MALLESHWARAM, BENGALURU – 560 003**

ರಾಜ್ಯ ಮಟ್ಟದ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪೂರ್ವಸಿದ್ಧತಾ ಪರೀಕ್ಷೆ,
ಫೆಬ್ರವರಿ / ಮಾರ್ಚ್ — 2023

# STATE LEVEL SSLC PREPARATORY EXAMINATION, FEBRUARY / MARCH — 2023

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H** | **Code No. : 61-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

ದಿನಾಂಕ : 01. 03. 2023 ] [ Date : 01. 03. 2023

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

---

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।



[ Turn over

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $8 \times 1 = 8$

1. 'बालिका' शब्द का पुल्लिंग रूप है –

(A) बल (B) लड़की

(C) बाला (D) बालक

2. 'बेईमान' शब्द का विलोम रूप है –

(A) इनाम (B) ईमान

(C) मानव (D) तमाम

3. निम्न में एकवचन शब्द है –

(A) लिफ़ाफ़ा (B) खिलौने

(C) मालाएँ (D) कृतियाँ

4. निम्न में प्रथम-प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) चिपकना (B) पिलवाना

(C) खेलना (D) रुलाना

5. 'जलाशय' शब्द में संधि है –

(A) व्यंजन (B) दीर्घ

(C) गुण (D) यण्

6. 'सीता-राम' शब्द में समास है –

(A) तत्पुरुष (B) बहुव्रीही

(C) द्वंद्व (D) द्विगु

7. बालकों .............. टोली बनती है ।

रिक्त स्थान में सही कारक होगा –

(A) का (B) की

(C) ने (D) को

8. आपका नाम क्या है ?

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) योजक (B) पूर्ण विराम

(C) प्रश्नवाचक (D) विस्मयादिबोधक

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4**

9. हाथी के पैर जैसे : मकान के स्तंभ : : मछली की पीठ जैसी : ..................

10. बाल-शक्ति : जगतराम आर्य : : गिल्लू : .......................

11. मेरा बचपन : आत्मकथा : : रोबोट : ..................

12. कान्हा : कृष्ण : : बलभद्र : ..................

**III.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. लेखक प्रेमचंद को क्या नज़र आया ?

14. दोनों दोस्तों ने क्या निश्चय किया ?

15. कवि भगवतीचरण वर्मा किसे प्रणाम कर रहे हैं ?

16. धर्म का मूल क्या है ?

**IV.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. प्रेमचंद के विचार में फल-सब्जियों को खाने से क्या लाभ है ?

18. गिल्लू, मानव से अधिक भावपूर्ण प्राणी है । किन बातों से ज्ञात होता है ?

19. सम्मेलन में लेखक परसाई जी को क्यों बुलाया गया था ?

20. दोनों रोबोट अंत में क्यों खुश हुए ?

21. कविता में भारत-माता का स्वरूप कैसे वर्णित है ?

22. बलराम, कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?

23. शनि को सुंदर एवं मनोहर ग्रह क्यों माना जाता है ?

**अथवा**

शनि को 'ठंडा ग्रह' क्यों कहते हैं ?

24. लेखक के अनुसार सत्य का क्या स्वरूप है ?

**अथवा**

किन्हीं दो नागरिकों के कर्तव्य लिखिए ।

**V.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : $9 \times 3 = 27$

25. कलाम के चरित्र निर्माण में जलालुद्दीन का योगदान स्पष्ट कीजिए ।

26. पंडित राजकिशोर मानवता के मूर्ति थे । कैसे ? बताइए ।

27. बेंगलूरू विश्वभर में प्रसिद्ध है । सोदाहरण समझाइए ।

28. बचेंद्रीपाल ने बचपन से एवरेस्ट पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की ?

29. गाँव की सफाई के लिए बालक क्या-क्या करते हैं ?

30. "समय ही जीवन है" इस कथन का समर्थन कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

31. "मानव की सही पहचान बुद्धि एवं तर्क नहीं परंतु मानवीयता है ।" कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

    राम नाम मनि दीप धरू, जीह देहरी द्वार ।

    तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

    कर्नाटक, भारत देश का प्रगतिशील राज्य है । यहाँ की आबादी लगभग छः करोड़ से ऊपर है । कर्नाटक में कन्नड़ भाषा बोली जाती है ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. "इंटरनेट ने मानव-जीवन को सुविधाजनक बनाया है।" कैसे ? विवरण दीजिए ।

**अथवा**

संचार एवं सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है ?

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..............................................

.........................................................

.........................................................

............................................ भागो तुम ।

**VII.** 36. **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4**

एक दिन एक किसान का बैल कुँए में गिर गया और घंटों ज़ोर-ज़ोर से रोता रहा । किसान ने सोचा, बैल काफ़ी बूढ़ा हो चुका है, उसे बचाने से कोई लाभ नहीं है । इसलिए वह बैल को वहीं दफ़नाना चाहा । अपने मित्रों की मदद से कुएँ में मिट्टी डालनी शुरू कर दी । बैल हिल-हिलकर अपनी पीठ पर पड़नेवाली मिट्टी को नीचे गिराता रहा और कदम-कदम बढ़ाकर मिट्टी पर चढ़ता रहा । इस प्रकार आश्चर्यजनक रीति से बैल कुएँ से बाहर आया ।

ध्यान रखें आपके जीवन में भी इसी तरह मिट्टी फेंकी जायेगी, बहुत तरह की गंदगी आप पर गिरेगी । ऐसे वातावरण में आप को साहस के साथ हर तरह की गंदगी को गिरा देना है । फेंकी मिट्टी और गदंगी से सीख लेकर उसे सीढ़ी बनाकर अपने कदमों को आगे बढ़ाना है । इस संसार में बैल की तरह सकारात्मक रहकर जीना है ।

अ) किसान का बैल क्यों रोता रहा ?

आ) किसान ने बैल को कुँए में क्यों दफनाना चाहा ?

इ) हमें जीवन में कैसे आगे बढ़ना है ?

ई) बैल कैसे कदम बढ़ाकर चढ़ता रहा ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

क) **नारी तुम केवल श्रद्धा हो**

* प्रस्तावना
* विषय विस्तार
* उपसंहार ।

ख) **नियमित अध्ययन के लाभ**

* विषय प्रवेश
* विषय विस्तार
* उपसंहार ।

ग) **समय-हमारा सच्चा साथी**

* विषय प्रवेश
* विषय विस्तार
* उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. पाठ शाला में मनाये गये स्वतंत्रता के अमृत-महोत्सव के बारे में अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

सकारण देते हुए तीन दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।